**डॉ० बी० राजेन्दर, अपर मुख्य सचिव, खेल विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–29.01.2025 को अपराह्न 03:30 बजे आहूत खेलो इंडिया योजना की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही**

---

उपस्थिति

1. श्री महेन्द्र कुमार, निदेशक, खेल विभाग।
2. श्री संजय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।
3. श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग।
4. श्री अमर गौरव, परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।
5. श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक (क्रीड़ा) खेल विभाग।
6. श्री नरेश कुमार चौहान, सहायक निदेशक (युवा) खेल विभाग।
7. श्री सिद्धांत कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।
8. श्री अजय कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।
9. श्री संजीव कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।

**कार्यवाही**

1. **खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत प्रस्तावों का प्रेषण**

खेलो इंडिया योजना अंतर्गत सभी 38 जिलों से प्रस्ताव प्राप्त हो चुके है। बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना से प्रारंभिक परियोजना प्रस्ताव (P.P.R) तैयार कराकर प्रस्ताव विहित प्रपत्र में मेल के माध्यम से युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार को शीघ्र भेजा जाय।

2. **एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र**

एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन हेतु माह दिसम्बर, 2024 तक की राशि आवंटित की जा चुकी है। उक्त राशि को नियमानुसार खर्च करने हेतु सभी संबंधित जिला खेल पदाधिकारी को निदेश दिया गया। साथ ही, आवंटित राशि का उपयोजिता प्रमाण–पत्र एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

माह जनवरी 2025 से राशि की अधियाचना का प्रस्ताव बि0 रा0 खेल प्राधिकरण, पटना को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

3. **मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत मल्टी जिम एवं ओपेन जिम के अधिष्ठापन**

मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत मल्टी जिम एवं ओपेन जिम के अधिष्ठापन हेतु 11 जिलों यथा– भागलपुर, मधेपुरा, सारण, लखीसराय, मुजफ्फरपुर, सुपौल, समस्तीपुर, नालंदा, बांका एवं शेखपुरा को राशि आवंटित की जा चुकी है। आवंटित राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र शीघ्र उपलब्ध कराने का निदेश संबंधित

जिलों को दिया गया। शेष जिलों को मार्गदार्शिका के अनुरूप नये प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

उक्त के आलोक में सभी संबंधित जिला खेल पदाधिकारी द्वारा एक सप्ताह के अन्दर उक्त आवंटित राशि के व्यय की अद्यतन स्थिति एवं उपयोगिता प्रमाण–पत्र तथा नये प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।

Rajendra 4.2.2025

(डॉ० बी० राजेन्दर)
अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–3 / खेल 01–23 / 2020(खण्ड)-524 पटना / दिनांक 04.2. / 2025

प्रतिलिपिः– निदेशक, खेल विभाग / मुख्य महाप्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना / संयुक्त सचिव, खेल विभाग / परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना / सहायक निदेशक (क्रीड़ा / युवा) / प्रशाखा पदाधिकारी 05 / संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी / आई०टी० मैनेजर / सभी जिला खेल पदाधिकारी / अधीक्षक शा0 शिक्षा / उपाधीक्षक शा0 शिक्षा, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rajendra 4.2.2025

अपर मुख्य सचिव।